हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 12 अगस्त 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

### नींद से जागी पुलिस : मालवाहकों में यात्री परिवहन पर तीन चालकों का काटा चालान



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल
# सोते पड़ोसी की टांगी मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

चौकी पंडरापाठ क्षेत्र के ग्राम भड़िया, डूमर पारा में पानी रोकने के लिए बनाए गए मेड़ में गिरने से उपजा विवाद खूनी वारदात में बदल गया। 26 वर्षीय दिलसाय नागेश ने अपने 52 वर्षीय पड़ोसी शंकर राम की सोते समय टांगी से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक शंकर राम अपने भाई विजय राम के साथ 9 अगस्त की शाम चौकी पंडरापाठ क्षेत्र के ग्राम घोरडेगा में एक रिश्तेदार के घर मेहमानी गए थे। लौटते समय ग्राम भड़िया में आरोपी दिलसाय नागेश के घर के पीछे बने पानी रोकने के मेड़ में टकराकर शंकर राम गिर पड़ा। इस पर उन्होंने दिलसाय से मेड़ बनाने को लेकर नाराजगी जताई। बात बढ़ी और दोनों के बीच गाली-गलौज व मारपीट हो गई। शोर सुनकर परिजन पहुंचे और बीच-बचाव कराकर शंकर राम को घर ले गए।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पुलिस की तत्परता
पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मृतक के शव का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम कराया। आरोपी दिलसाय नागेश को पर्याप्त सबूतों के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### कार्रवाई में शामिल टीम
इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी पंडरापाठ उपनिरीक्षक सतीश सोनवानी, सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार चौहान, प्रधान आरक्षक राकेश कुजूर, आरक्षक अरुण राम और बिल्ल्यूस लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रात में टांगी लेकर पहुंचा आरोपी
घटना के कुछ घंटे बाद रात लगभग 10 बजे शंकर राम अपने घर के बाहर परछी में सो रहे था व परिजन घर के अंदर थे। इसी दौरान आरोपी दिलसाय नागेश टांगी लेकर वहां पहुंचा और सोते हुए शंकर राम के सिर व चेहरे पर तीन से चार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से शंकर राम की मौके पर ही मौत हो गई।

### सुबह दिखा खून से लथपथ शव
10 अगस्त की सुबह जब परिजन उठे तो उन्होंने शंकर राम को खाट पर खून से लथपथ मृत अवस्था में पाया। घटना की सूचना तत्काल चौकी पंडरापाठ पुलिस को दी गई।

### आरोपी ने किया जुर्म कबूल
पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हत्या का अपराध दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने हत्या की बात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि दिन में हुए विवाद से क्षुब्ध होकर उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त टांगी भी बरामद कर ली।

# मॉनसून का यूटर्न, सप्ताह भर से नहीं हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

■ खेत सूखे, चिलचिलाती धूप व उमस से लोग परेशान

मॉनसून के यूटर्न लेने के बाद मौसम के तल्ख तेवर को देख कोतबा क्षेत्र के किसान एक बार फिर अपने को बेबस और लाचार महसूस कर रहे हैं। एक सप्ताह से चिलचिलाती धूप एवं उमस भरी गर्मी को देख किसानों का सब्र अब जवाब देने लगा है।

काफी हिम्मत जुटाकर खर्च की परवाह किये बगैर किसानों ने और कड़ी मेहनत के बल पर उच्चकिस्म के हाईब्रिड धान की रोपाई चलाकर जैसे-तैसे धान का बीड़ा डाला था। मगर अब मौसम प्रतिकूल होने की वजह से खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं, जो किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। अगस्त माह में एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है मगर अब तक बारिश नहीं हुई है, ऐसे में खेतों से नमी तेजी से गायब हो रही है। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खिंच गई हैं। क्षेत्र के फरसाटोली पंचायत के किसान फुलेश्वर सिंह,सरजू पैंकरा,करांबेवरा से दिलपाल नाग,अरुण पैंकरा,कोतबा से विजय बंजारा, खुशी शर्मा सहित दर्जनों किसानों का कहना है कि आसाढ़ माह के शुरुआती दिनों से अंतिम माह तक लगातार बारिश हुई।


बारिश के अभाव में सूख रहे खेत।

### पौधों में नहीं हो रही है वृद्धि
मौसम अनुकूल होने की उम्मीद पर एक पूर्व किसानों ने रोपाई के बाद पानी खेतों से छोड़ दी थी उन्हें उम्मीद थी कि दो-चार दिनों के अंतराल पर हल्की-फुल्की बारिश होती रहेगी, जिससे खेतों में नमी बनी रहेगी। और जल्द ही फसल तैयार हो जायेगा। मगर मॉनसून के यूटर्न लेने से सारी उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। आसमानी पानी नहीं होने से पौधों में आशा के अनुरूप वृद्धि नहीं हो रही है जबकि, ज्यादातर पौधे पीले पड़ने लगे हैं। पानी के अभाव में खेतों में दरारें फट गयी हैं, जिससे पौधों का विकास अवरुद्ध हो गया है। खेतों में पानी नहीं रहने से खर-पतवार में भी तेजी से वृद्धि होने लगा है. इससे किसानों की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं।

### दलहन, तिलहन फसलें 5 प्रतिशत ही पूरी
इस वर्ष भारी बारिश ने दलहन, तिलहन फसलों पर पूर्णतः रोक जैसे हालात पैदा कर दिया है। इस क्षेत्र में धान की फसल के साथ ही मूंगफली, उड़द, रहड़, मूंग सहित अन्य फसलें बड़ी मात्रा में ली जाती है, लेकिन इस वर्ष हुए भारी बारिश ने इस पर रोक लगा दिया। ऐसी स्थिति में किसानों को एक मात्र धान की फसल ही सहारा है.अब सूखे से उस फसल पर रोक लगा दी है।

## खबर संक्षेप

### कार चालक ने 20 मीटर तक घसीटा, महिला व बच्ची की मौत
**बतौली-सेदम/सीतापुर।** रविवार की देर शाम एनएच 43 पर तेज रफ्तार कार के चालक ने जमकर उत्पात मचाया। शराब के नशे में धुत कार सवार युवकों ने रक्षा बंधन मनाकर लौट रहे बाइक सवार दम्पति को रौंद दिया। इस घटना में महिला और मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान कार चालकों ने बाइक समेत परिवार को 20 मीटर तक घसीटा। इतना ही नहीं भागते समय सीतापुर में उन्होंने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। सीतापुर में पुलिस ने पकड़ा। बताया जा रहा है कि सीतापुर आदर्शनगर निवासी 27 वर्षीय विक्की तुरिया आ.राम सुन्दर तुरिया पत्नी 26 वर्षीया लक्ष्मी तुरिया व 2 वर्षीया बेटी बेबी को लेकर रक्षा बंधन मनाने के लिए ससुराल अम्बिकापुर के लुचकी गया हुआ था। रक्षा बंधन के बाद परिवार बाइक क्रमांक सीजी 15 सीपी 6047 से वापस अपने घर लौट रहा था। इस दौरान देर शाम एनएच 43 पर माझापारा पुलिया के समीप तेज पीछे से तेज रफ्तार अरटिगा कार क्रमांक सीजी 12 एजी 5638 के चालक ने टक्कर मार दी। युवक शराब के नशे में इस कदर धुत थे कि उन्होंने टक्कर के बाद भी कार नहीं रोकी और दम्पति व बच्ची को बाइक समेत 20 मीटर तक घसीटते हुए ले गए। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गए।

### आसनडीह में नहीं है शुद्ध पेयजल की व्यवस्था
**धौरपुर।** लुंड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आसनडीह आज भी विकास की बाट जो रहे है। प्रदेश में तो सरकारे रही लेकिन ग्राम पंचायत की स्थिति आज भी ज्यों कि त्यों है। आलम यह है कि आजादी के बाद से आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी। ग्रामीण आज भी स्वच्छ जल के अभाव में ढोढी का पानी पीने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि गांव में एक भी हैंडपंप नहीं है। ऐसा नहीं है कि गांव के लोगों ने जनप्रतिनिधि समेत जिला प्रशासन से शुद्ध पेयजल के लिए गुहार नहीं लगाई बावजूद इसके आज तक ग्राम पंचायत के डारपारा को एक एक हैंडपंप नसीब नहीं हो सका। प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिसका खामियाजा गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। विकासखंड लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत आसनडीह डांरपारा में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने होने से ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### पालक-शिक्षक सम्मेलन में छात्रों की समस्याओं पर चर्चा
**मदनपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलफिली में संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल एवं आर चंदेल के आतिथ्य में किया गया। सभी अतिथियों ने पालकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा विद्यालय प्रतिदिन भेजे तथा स्वयं विद्यालय आकर बच्चे के शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करें। जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र यादव ने पालकों को विद्यालय से जुड़ने की बात कहीं। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने विद्यालय में अपने बच्चों को रोज आने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें शासन के विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम में सत्यम बालाजी ने दीक्षा ऐप का उपयोग पालक, बालक व शिक्षक कैसे करे पर जानकारी दी।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं


लोगों की समस्या सुनते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ आवेदनों के समयबद्ध निराकरण को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। आज जनदर्शन में कुल 25 आवेदन आए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व, साफ- सफाई, बरसात के मौसम में उत्पन्न होने वाली समस्याओं सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन शामिल थे।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बस स्टैंड में लगाया गया शिविर

■ सोलर प्लांट पर छूट के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी

**जशपुरनगर।** सोमवार को बस स्टैंड में पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार प्रसार हेतु शिविर लगाया गया। शिविर में आम जन को पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध मे समझाइश दी गई।

सरकार द्वारा 3 केव्ही सोलर प्लांट पर छूट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद कुमार भगत एवं 7 अन्य उपभोक्ताओं द्वारा सोलर प्लांट के लिए ऑनलाइन एप्प पर आवेदन किया गया। शिविर मे सहायक अभियंता लुकमान खान एवं कनिष्ठ अभियंता दिनेश त्रिपाठी उपस्थित थे। योजना का उददेश्य सौर उर्जा का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु घर-घर आवश्यकता अनुरूप सौर उर्जा संयंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने एवं मासिक बिजली बिल में कमी लाना है। योजना के तहत नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के सभी नियमित अधिकारी-कर्मचारियों को अपने आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की सलाह दी जा रही है। समस्त कर्मचारी पीएमएसजी-एमबीवाय योजना के अंतर्गत अपने स्वयं के आवासीय परिसर में या जो अधिकारी-कर्मचारी बोर्ड क्वार्टर, किराए के मकान या बहुमंजिला इमारतों में रह रहे हैं, वे अपने गृहनगर छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित स्वयं के या पुश्तैनी मकान पर या वर्चुअल नेट मीटरिंग के माध्यम से बहुमंजिला इमारत में रहने वाले अधिकारी-कर्मचारी, रिहायशी सोसाइटी सदस्यों के समन्वय में आवेदन कर रूफटॉप सोलर प्लांट की स्थापना कर सकते हैं। योजना के तहत रूफटॉप सोलर प्लांट ⏭ शेष पेज 4 पर


शिविर में उपस्थित अधिकारी।


# प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 24 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 11वीं में गणित-विज्ञान की रिक्त सीटों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 24 अगस्त को प्रातः 11 से अपरान्ह 1 बजे तक किया जाएगा। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा में होगा।

आदिम जाति कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय में कक्षा 11वीं में कुल रिक्त 09 सीटों पर छात्र-छात्राओं का प्रवेश लिया जायेगा। इनमें वर्गवार विभिन्न सीटें रिक्त है। रिक्त सीटों में अनुसूचित जनजाति बालक-02 एवं बालिका-03 सीट, अनुसूचित जाति वर्ग के बालिका-01 सीट, अन्य पिछड़ा वर्ग के बालक-02 सीट तथा सामान्य वर्ग के बालक-01 सीट रिक्त है, रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं 22 अगस्त 2025 तक आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर एवं प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा के कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा कर सकते है।

परीक्षा में शामिल होने हेतु विद्यार्थियों की न्यूनतम पात्रता कक्षा 10वीं में 60 प्रतिशत अंक-समकक्ष ग्रेड के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ कक्षा 10वीं की अंकसूची, निवास-प्रमाण, जाति-प्रमाण, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं 02 पासपोर्ट फोटो जमा करना होगा। प्रवेश परीक्षा परिणाम के मेरिट आधार पर छात्र-छात्राओं को कक्षा 11वीं में प्रवेश दिया जायेगा।




# अस्पताल से गायब थे डाक्टर-नर्स, प्रसूता ने जमीन पर दिया बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले के भटगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। अस्पताल में एक महिला 4 घंटे तक प्रसव पीड़ा से जमीन पर तड़पती रही। इस दौरान अस्पताल में ना ही कोई ड्यूटी डॉक्टर मौजूद थे और ना ही कोई स्टाफ नर्स।

घंटों तक दर्द से तड़पने के बाद महिला का जमीन पर ही असुरक्षित तरीके से प्रसव हो गया। महिला के प्रसव उपरान्त चकित्सक अस्पताल पहुंची। अब इस मामले में सीएमएचओ ने जांच के लिए टीम गठित कर दी है और जांच के बाद कार्रवाई की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखंड अंतर्गत ग्राम असना ढोढ़ी निवासी 30 वर्षीय कुंती बाई पति वीरेंद्र गर्भवती थी। शनिवार को महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो परिजन ने गांव की मितानिन से संपर्क किया लेकिन मितानिन रायपुर में थी। मितानिन ने महिला को तत्काल अस्पताल लेकर जाने को कहा जिसके बाद महिला को उसकी सास इंजोरिया बाई और पति लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव पहुंचे थे।


प्रसूता से जानकारी लेते चिकित्सक, इनसेट में नवजात।

### होगी कड़ी कार्रवाई
घटना की जानकारी मिली है। फिलहाल जच्चा बच्चा स्वस्थ है और चिकित्सकों की निगरानी में है। ड्यूटी नर्स अस्पताल नहीं आई और उसका फोन बंद था। इस मामले में जांच टीम गठित की गई है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-कपिल देव पैकरा
सीएमएचओ सूरजपुर

### जिले में अब तक 7544.6 मिमी वर्षा
**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 7544.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 11 अगस्त तक की स्थिति में 5903.8 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 26.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 837.9 मिमी, मनोरा में 957.0 मिमी, कुनकुरी में 1118.7 मिमी, दुलदुला में 455.3 मिमी, फरसाबहार में 602.6 मिमी, बगीचा में 785.9 मिमी, कांसाबेल में 708.2 मिमी, पत्थलगांव में 657.7 मिमी, सन्ना में 888.5 मिमी एवं बागबहार में 532.8 मिमी वर्षा हो चुकी है।

# रक्षा बंधन मनाकर लौट रहा युवक आया ट्रक की चपेट में, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

■ दलधोवा घाट पर हुई घटना

रविवार की सुबह एनएच 343 के दलधोवा घाट पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक पत्नी को लेकर रक्षा बंधन मनाने ससुराल आया था और अगली सुबह वापस घर लौट रहा था। इस दौरान ट्रक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना के बाद परिजन सदमे में है और रक्षाबंधन की खुशियां मातम में बदल गई।

बताया जा रहा है कि शंकरगढ़ थाना अंतर्गत गाम बांदा निवासी नन्हेश्वर खलखो आ. मोहनलाल खलखो पत्नी को लेकर रक्षा बंधन मनाने के लिए नगर के वार्ड क्रमांक 2 में स्थित अपने ससुराल आया हुआ था। शनिवार को रक्षा बंधन मनाने के बाद रविवार की सुबह 7 बजे अकेले ही बाइक क्रमांक सीजी 15 इइ 0802 से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान सुबह लगभग 7. 30 बजे एनएच 343 पर दलधोवा घाट के समीप रायपुर से क्लिंकर लोड कर बिहार की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 07 सी जे 4055 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में ले लिया। इस घटना को लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक़ एनएच पर दलधोवा घाट के मोड़ पर बड़े बड़े गड्ढे है और बाइक चालक ट्रक से साइड लेने के दौरान चपेट में आ गया और बाइक समेत चक्के के नीचे फंस गया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद हाईवे पेट्रोलिंग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को मर्च्युरी में भेजा इसके साथ ही ट्रक को जब्त किया गया। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। इस घटना के बाद परिवार की खुशियां मातम में बदल गई।




### टीम कर रही है मदद
एनएच पर आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। ऐसे में सड़क दुर्घटना के बाद लोगों को राहत पहुंचाने के लिए यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत पुलिस ने एक यातायात जन जागरूकता ग्रुप का निर्माण किया गया है जिसमें अमित मिंज के नेतृत्व में क्षेत्र के युवाओं को जोड़ा गया है। इस ग्रुप के माध्यम से लोगों को सड़क दुर्घटना के बाद लोगों को त्वरित राहत पहुंचाने की बुनियादी जानकारी दी जा रही है।

## कलेक्टर ने जिला अंतव्यवसायी सहकारी विकास समिति की ली समीक्षा बैठक
# शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को समय-सीमा में प्रदान करें: व्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट समाकक्ष में वन विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, खनन विभाग, कौशल विकास, लाईवलीहुड कॉलेज जिला अंतव्यवसायी सहकारी विकास समिति और बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर उनके विभागों द्वारा संचालित विकासमूलक योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही कलेक्टर ने समय-सीमा में आए प्रकरणों के निराकरण, पेंशन प्रकरण, समयमान वेतनमान, विभागीय जांच, सुशासन तिहार के दौरान आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति और 15 साल से पुराने हो चुके वाहनों की नीलामी के संबंध में जानकारी ली व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों का निर्देश दिए की यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए की जनहित में संचालित शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र हितग्राहियों को समय में प्राप्त हो। कार्यों में लापरवाही या देरी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पेंशन प्रकरण के मामले में पूरी गंभीरता बरतते हुए तय समयसीमा में पूरा करें। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय जांच की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए की जांच में पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ प्रत्येक मामले को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने 15 वर्ष से पुराने शासकीय वाहनों की नीलामी की प्रगति की भी समीक्षा की और बचे हुए वाहनों की निलामी प्रक्रिया नियमानुसार शीघ्र कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समयसीमा में आए प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ समयसीमा में पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री व्यास ने उद्योग विभाग और जिला अंतव्यवसायी सहकारी विकास समिति से उनके विभाग द्वारा योजनाओं के माध्यम से व्यवसाय, उद्योग और रोजगारमूलक गतिविधियों के लिए दी जाने वाली सहायता की जानकारी ली और ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने कौशल विकास विभाग और लाईवलीहुड कॉलेज के द्वारा विभिन्न रोजगार और स्वरोजगार के लिए चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्लेसमेंट की जानकारी ली और कहा की इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाए, ताकि रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को इसका लाभ मिले।


अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

## खबर संक्षेप



### महान नदी पुल पर गड्ढा होने से राहगीरों के लिए बढ़ा खतरा

**प्रतापपुर।** भैसामुडा स्थित हाईवे पर बने महानदी पुल की स्थिति इन दिनों बेहद खतरनाक हो गई है। पुल की खराब हालत और मरम्मत में लापरवाही के कारण पुल पर गड्ढा हो गया है। हैरानी की बात तो यह है कि गड्ढा को गिट्टी से भरा जा रहा है जो राहगीरों के लिए और भी खतरनाक हो गई है। लोगों ने पुल की स्थिति का वीडियो बनाकर वायरल किया जो सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा विषय बना हुआ। महान नदी पुल के किनारे बने गहरे गड्ढों को भरने की जगह विभाग ने केवल गिट्टी डालकर औपचारिकता पूरी कर दी है। यह गिट्टी समय-समय पर सड़क पर फैल जाती है, जिससे बाइक और छोटे वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहे हैं। कई हादसे पहले ही हो चुके हैं, लेकिन अभी तक विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। लोगों का कहना है कि गड्ढे भरने के नाम पर पुल के किनारे गिट्टी डालना सड़क सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। यह गिट्टी आए दिन सड़क पर फैल जाती है जिससे दो पहिया वाहन सवार दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। विभाग की यह लापरवाही किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने भी इस समस्या पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि पुल पर रोज़ाना भारी वाहनों का आवागमन होता है और ऐसे में यह गड्ढे और गिट्टी यात्रियों के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग से गड्ढे की मरम्मत एवं किनारे पड़ी गिट्टी को हटाने की मांग की है।

### मीना बाजार में दो गुटों में हुआ जमकर संघर्ष, मारपीट



सीतापुर। शनिवार की देर शाम मीना बाजार के समीप दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों गुटों के युवकों ने नगर में जमकर उत्पात मचाया और एक दूसरे की पिटाई की। इस घटना के दौरान क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। असामाजिक तत्व आधे घंटे तक सड़क पर उत्पात मचाते रहे। हैरानी की बात तो यह है कि इस दौरान पुलिस नदारत रही और जब तक पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तब तक दहशत फैलाने वाले फरार हो चुके थे। बता दें कि नगर के वार्ड क्रमांक 10 में मीना बाजार लगा हुआ है। शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस और रक्षा बंधन के कारण मीना बाजार में अच्छी खासी भीड़ भी पहुंची हुई थी। इसी बीच किसी बात को लेकर दो गुटों में मौजूद 20 से 25 युवक आपस में भिड़ गए। इस हमले में एक गुट के युवकों ने दूसरे गुट के युवकों को जमकर पीटा। इस दौरान कई युवकों के शारीर से खून निकल रहा रहा था। युवकों की पिटाई के बाद बुरी तरह से घायल युवक और उसके साथी मीना बाजार से जान बचाते हुए मुख्य सड़क की ओर भागे। भाग रहे युवकों को दूसरे गुट के युवकों ने दौड़ाकर पकड़ा और लहूलुहान युवक की फिर से बीच सड़क पर बेरहमी से पिटाई कर दी। इस दौरान मौके का फायदा उठाकर उसके अन्य साथी मौके से भाग निकले। इसके साथ ही घायल युवक ने भी भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना से मीना बाजार क्षेत्र में लोग दहशत में आ गए। युवक क्षेत्र में आधे घंटे तक उत्पात मचाते रहे। हैरानी की बात तो यह है कि त्यौहार और भीड़ भाड़ वाली जगह होने के बाद भी मौके पर कोई पुलिस नहीं थी और उत्पात मचा रहे युवकों में भी पुलिस का कोई खौफ नजर नहीं आया। घटना के दौरान राहगीर व आस पास के लोग दुबक गए थे। सूचना के बाद जब तक पुलिस मौके पर पहुंची आरोपी फरार हो चुके थे। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश है और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे है। लोगों ने असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीओपी राजेंद्र सिंह मंडावी ने बताया कि इस घटना की जानकारी जुटाई जायेगी। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मारपीट करने वालों को चिन्हांकित किया जायेगा।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम चंद्रगढ़ निवासी सुशीता तिर्की पति प्रशांत तिर्की (30 वर्ष) 28 जुलाई को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। एक दिन बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर चिकित्सकों ने छुट्टी दे दी। कुछ दिन बाद पुनः तबीयत खराब होने पर परिजन उसे 5 अगस्त को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां गत दिन उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## देर शाम तक मैदान में सक्रिय रहते हैं असामाजिक तत्व

# शासकीय पॉलीटेक्निक का खेल मैदान बना असामाजिक तत्वों का सुरक्षित ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय पॉलीटेक्निक का खेल मैदान आवारा तत्वों का सुरक्षित ठिकाना बन गया है। शाम ढलते ही मैदान में नशेड़ियों की हलचल बढ़ने लगती है तथा देर शाम तक युवा अलग-अलग स्थानों पर बैठकर नशा करते हैं। मैदान में हर किस्म के नशेड़ी पहुंचते है। लोग खेल मैदान में नशे का कारोबार संचालित होने की भी संभावना व्यक्त कर रहे है।

**खास बात**

- चारों तरफ फैली गंदगी, खिलाड़ियों को हो रही है परेशानी

शहर के हृदय स्थल पर संचालित शासकीय पॉलिटेक्निक परिसर में लम्बे समय से लाईवलीहुड कॉलेज, नर्सिंग हॉस्टल, प्रशासनिक अधिकारियों का ट्रांजिट हॉस्टल पॉलिटेक्निक छात्रावास एवं आईटीआई संचालित है। छात्रावास भवन जर्जर होने के कारण अब इसे बंद कर दिया गया है। परिसर में स्थित शासकीय आवासों में शासकीय पॉलीटेक्निक के अधिकारी सपरिवार रहते है। छात्रावास संचालित होने के दौरान सुबह शाम मैदान में नियमित खेल गतिविधियां होती थी। छात्रावास बंद होने के बाद नियमित खेल गतिविधियां अवरूद्ध हो गई है। मैदान खाली होने के कारण अब विभिन्न आयु वर्ग के लोग सुबह शाम क्रिकेट खेलने पहुंचते है। सुबह बड़ी संख्या में शहरवासी मैदान में टहलने भी पहुंचते है। खेल गतिविधियों से किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। किसी ने कभी इसका विरोध भी नहीं किया। शाम के समय तो मैदान में विभिन्न आयुवर्ग के लोगों का मजमा देर रात लगा रहता है। इस मजमें में किशोर-किशोरियों के साथ ही नौकरी-पेशाा से जुड़े लोग भी होते हैं। कुछ लोग खेल के मैदान में व्यस्त रहते हैं जबकि कुछ लोग सड़क किनारे पेड़ के नीचे बने चबूतरों पर अपनी मजलिस जमाए रहते हैं। इस दौरान लोग अपने साथ खाने-पीने की वस्तुएं एवं पसंदीदा नशा भी साथ ले आते हैं तथा देर शाम तक अपना दरबार सजाए रखते हैं। अंत में लोग कांच के शीशी बोतल, पानी की प्लास्टिक बोतल, प्लास्टिक पन्नी एवं अन्य कचरा इधर-उधर फेंक चले जाते है। नशेड़ी शीशी-बोतल को फोड़कर इधर-उधर फेंकते हैं जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। कई बार खिलाड़ी घायल भी हो चुके हैं।



मैदान में बिखरा कचरा।

**पहुंचते है किशोर नशेड़ी**

यह जानकर हैरानी हो सकती है कि खेल मैदान में बड़ी संख्या में किशोर नशेड़ी भी पहुंचते हैं। अच्छे परिवारों के किशोर अपने दोस्तों के साथ पहुंचते हैं तथा देर शाम तक साथियों के साथ अलग-अलग ग्रुप में नशा करते हैं। अंधेरा होने के पूर्व नकाब बांधे किशोरियां एवं युवतियां भी मैदान में लम्बा समय गुजारती है। कुछ अधिकारियों ने अवैध गतिविधियों को रोकने की भी पहल की लेकिन नशेड़ी मैदान शासकीय होने का हवाला देकर विवाद करने लगते है। बार-बार विवाद होने के कारण अब अधिकारी भी शांत पड़ गए हैं। दो साल पूर्व मैदान में आवारा तत्वों की गतिविधियां बढ़ने पर संस्था प्रमुख ने एसपी से शिकायत की थी। एसपी की पहल पर नियमित पुलिस टीम के पहुंचने पर अवैध गतिविधियां रूक गई थीं। लम्बे समय से पुलिस ने नशेड़ियों पर नजर रखना बंद कर दिया है जिससे एक बार फिर इनकी सक्रियता बढ़ गई है।

**जवान करते है सफाई**

रविवार एवं अवकाश के अन्य दिन सीआरपीएफ के जवान अपने अधिकारियों के साथ क्रिकेट खेलने मैदान में पहुंचते हैं। खेल के पूर्व सीआरपीएफ के जवान पूरे मैदान का कचरा एकत्र करते हैं। इस दौरान जवान सैकड़ों शीशी-बोतल, प्लास्टिक गिलास सहित अन्य कचरे की सफाई करते हैं तो मैदान साफ होता है अन्यथा पूरे परिसर में शीशी-बोतल एवं प्लास्टिक की सामग्रियां फैली रहती हैं तथा हवा में उड़कर शासकीय आवासों में पहुंचती है। लगातार बढ़ रही अवैध गतिविधियों को देखते हुए प्रबंधन रात्रि में मुख्य द्वार को बंद करा देता था लेकिन ट्रांजिट हॉस्टल में निवासरत अधिकारियों की आपत्ति के बाद अब गेट खुला रहता है। जिससे असामाजिक तत्वों को मनमानी करने की छूट मिल गई है। इन तत्वों की संगति में बड़ी संख्या में किशोर व युवा नशे के आदी बरहे हैं। ऐसे बच्चों के पालक भी उनकी गतिविधियों से परेशान हैं तथा संस्था के अधिकारियों पर कार्रवाई करने दबाव डालते हैं। मैदान में पसरी गंदगी एवं शीशी-बोतल से सुबह टहलने वाले लोग एवं खिलाड़ी अव्यवस्था से नाराज हैं।

**कलेक्टर को दी गई सूचना**

इस संबंध में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन कई बार विवाद की स्थिति निर्मित होने के कारण अब संस्था के अधिकारी-कर्मचारी रूचि नहीं ले रहे हैं। स्थिति से कलेक्टर को अवगत कराया गया है।

-आरजे पाण्डेय
प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक



घटना स्थल पर घायल।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा जख्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर बनारस अंतराज्यीय मार्ग में शनिवार की रात कार और बाइक सवार युवकों की हुई आमने सामने टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा बुरी तरह जख्मी हो गया है जिसे प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद उसे अंबिकापुर हायर सेंटरबेहतर इलाज हेतु रेफर किया गया है।

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में सूचक राजकुमार राजवाड़े पिता आनंद राजवाड़े निवासी सोनवाही ने बताया कि उसका भतीजा अशोक राजवाड़े और हेमंत राजवाड़े देर रात करीब दस बजे अपने घर से बाइक से लटोरी की ओर गए थे, रात्रि ग्यारह बजे उसके परिचित रामदेव राजवाड़े ने सूचक राजकुमार को फोन कर बताया कि तुम्हारे भतीजा अशोक और उसके साथी का बनारस रोड लटोरी में सिंह बीज भंडार के पास एक्सीडेंट हो गया है,तब शीघ्र ही उसने मौके पर पहुंच कर देखा कि भतीजा अशोक का दोनों पैर और दाहिना हाथ टूट गया है और सिर में चोट लगी है और वह बेहोश सड़क पर पड़ा हूआ है, वहीं उसका साथी हेमंत मुंह के बल सड़क पर पड़ा था और बाइक भी सड़क किनारे पड़ी थी।दुर्घटनाकारी कार क्रमांक जेएच 01 डीडब्ल्यू 1475 वही खड़ी थी ,पूछताछ में कार का चालक अपना नाम रामदास निवासी चंगारों शंकरगढ़ बताया।

सड़क पर घायल पड़े दोनों युवकों को निजी वाहन से उपचार के लिए लटोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां जांच उपरांत चिकित्सक ने अशोक राजवाड़े को मृत घोषित कर दिया,वहीं दूसरे युवक हेमंत को प्राथमिक उपचार बाद बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया है।पुलिस ने आरोपी कार चालक रामदास के खिलाफ धारा 281, 125(ए),106(ए) बीएनएस का मामला दर्ज कर कार को जप्त किया है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जीप ने बाइक सवार ग्रामीण को मारी टक्कर, मौत

बतौली/सेदम। रविवार को सवारी ढोने वाले जीप के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को रौंद दिया। इस घटना में बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई जबकि उसकी दो बच्चियां घायल हो गई। घायल बच्चियों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि महेशपुर कसईडीह निवासी 30 वर्षीय छवि सारथी 10 अगस्त की दोपहर अपनी पुत्री अंजली सारथी ( 8 वर्ष) व काजल सारथी (6 वर्ष) को लेकर बाइक से महेशपुर से बिरिमकेला की ओर जा रहा था। इस दौरान बिरिमकेला से सवारी ढोने वाले कमांडर जीप को लेकर जा रहे चालक ने बाइक सवार ग्रामीण को रौंद दिया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोनों बच्चियां दूर गिर गई। इस घटना में बच्चियों के पैर फ्रैक्चर होने के साथ ही उन्हें



गंभीर चोटें आई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार उक्त जीप राजेन्द्र चौहान की है और घटना के वक्त जीप को विजय पंडा चला रहा था और राजेन्द्र भी वाहन में मौजूद था। घटना के बाद चालक वाहन को लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक के शव को मर्च्युरी में भेजा गया इसके साथ ही डायल 112 की टीम से आरक्षक जितेन्द्र सिंह व चालक आशीष एक्का ने तत्परता दिखाते हुए बच्चियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## बाइक की टक्कर से गंभीर वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** सड़क पार कर रहे वृद्ध को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम मादिनापुर निवासी करीमन राम (80 वर्ष) 4 अगस्त की सुबह 10 बजे स्नान करने घर से कुछ दूर स्थित बोर में जा रहा था। जैसे ही वृद्ध सड़क पार करने लगा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के पश्चात गत दिन चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज सुबह वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पेड़ से टकराई सरकारी एम्बुलेंस, सामने सीट पर बैठे युवक की हुई मौत



शनिवार को कल्याणपुर जंगल में तेज रफ्तार की 108 शासकीय एंबुलेंस के सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, एंबुलेंस में सामने की सीट में बैठे युवक रामविशाल राजवाड़े पिता मोहन राम राजवाड़े 34 वर्ष निवासी द्वारिकानगर लटोरी की मौके पर मौत हो गई।घटना शनिवार देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे कल्याणपुर पेट्रोल पंप के समीप की बताई गई है।बताया गया कि वर्तमान में अंबिकापुर रामानुजगंज मार्ग के जर्जर हो जाने मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से राजपुर बलरामपुर रामानुजगंज अथवा उससे आगे आने जाने वाली वाहन वर्तमान में कल्याणपुर मार्ग से आना जाना कर रहे है, बलरामपुर रामानुजगंज जिले की राजपुर कैंप की 108 शासकीय वाहन एंबुलेंस वाहन क्रमांक सीजी 04 एम जेड 5889 मरीज को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज छोड़कर वापस कल्याणपुर होते हुए राजपुर जा रही थी, तभी कल्याणपुर में पेट्रोल पंप के समीप वाहन चालक का वाहन से नियंत्रण हटा और वाहन सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, वाहन में ड्राइवर सीट के बाजू में बैठा युवक रामविशाल राजवाड़े पिता मोहन राजवाड़े 33 वर्ष निवासी द्वारिकानगर का सर घटना में बुरी तरह जख्मी हो गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।सूचना पर लटोरी पुलिस ने मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।बताया गया कि मृतक रामविशाल राजवाड़े एंबुलेंस का चालक था लेकिन वह चालक की बाजू सीट पर बैठा था, एम्बुलेंस में चालक के अलावा इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन की ड्यूटी होती है, अनुमान लगाया जा रहा है कि एंबुलेंस को ईएमटी ही चला रहा था ,घटना के बाद से ईएमटी फरार बताया गया है,लटोरी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के सभा कक्ष में मोर तिरंगा मोर अभियान तिरंगा यात्रा जिला स्तरीय कार्यशाला कार्यक्रम प्रभारी व भाजपा जशपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के अध्यक्षता में संपन्न हुई।

भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश एवं राष्ट्रीय संगठन के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में देशभक्ति भाव को लेकर हर घर तक तिरंगा झंडा लगाना है जिसमें जिले के सभी मंडलों के पदाधिकारी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए झंडा लगाने में अपनी सहभागिता दें। उन्होंने जिले वासियों से अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाने की बात कही। कार्यक्रम प्रभारी एवं भाजपा जयपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि देश में अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति को अपनाया परन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में राष्ट्रीयता के भाव जगाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की और देश की आजादी में अपनी प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को याद किया।

विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि भारत कोई जमीन का टुकड़ा नहीं है यह जीता जागता राष्ट्रपुरुष है भारत आज विश्व में आर्थिक दृष्टि से तीसरे नंबर पर पहुंचने वाला है जल्द ही विकसित भारत बनेगा। भारत आँख मिलाकर बात करता है, हमारा भारत देश विश्व गुरु अवश्य बनेगा। तिरंगा यात्रा कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा ने तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को विस्तार से बताया। भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथि सुनील गुप्ता, एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामुणि निकुंज,उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। तिरंगा यात्रा जिला कार्यशाला के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह, कमला राम, बलवंत सिंह, तारावती सिंह, शशिकला भगत, संजय सिंह, भानु प्रकाश दीक्षित, शैलेश गुप्ता, अरुण केशरी, शर्मिला गुप्ता, बसंती भगत, रामकुमार कुशवाहा, अजय गुप्ता, मुकेश गुप्ता, दिलीप सोनी, गौतम सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, प्रमोद गुप्ता, सीताराम गुप्ता, विजय सिंह, विवेक जायसवाल, धीरेन्द्र द्विवेदी, जितेंद्र जायसवाल, नारद यादव, रवि प्रताप, बद्री यादव, गीता पैकरा, मुद्रिका सिंह, मंगलम पांडे, अभिषेक सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल

प्रेमनगर। विकास खंड प्रेमनगर में तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी सहित विकास खंड के समस्त ग्राम पंचायत के कार्यकर्ता शामिल हुए। तिरंगा यात्रा गांव गांव में निकाल रहे है और हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा के तहत हर घर में तिरंगा लगाया जाता है। लोगों में तिरंगा झंडा के प्रति लोगों में जागरूकता आ रहा है। तिरंगा यात्रा निकालने से लोगों में देशभक्ति का भाव जागरण हुआ है। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, बीरेंद्र जायसवाल,नयन सिरदार,अजय श्याम, जगमोहन सिंह,पूर्णा जायसवाल,मिथिला बंजारा,फुलेश सिरदार,पूनिया राजवाड़े, कंचन श्याम, सुमित दास, रामनारायण, किरण साहू, शांति कुजूर, प्रदीप साहू, सुभाष साहू, अखिलेश साहू, विवेक पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी सहित समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

***हर घर तिरंगा अभियान के तहत शिवनन्दनपुर मंडल में कार्यशाला***

बिश्रामपुर। भाजपा संगठन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत गत दिनों भाजपा शिवनंदनपुर मंडल अंतर्गत ग्राम जयनगर में कार्यशाला आयोजित हुई, इस दौरान कार्यकर्ताओं को तिरंगा यात्रा को सफल बनाने का



आह्वान किया गया, साथ ही विभाजन की विभीषिका के बारे में जानकारी दी गई, मुख्य अतिथि नगर पंचायत बिश्रामपुर के उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के सह प्रभारी दीपेंद्र सिंह चौहान थे,अन्य अतिथियों में मंडल अध्यक्ष हरिश राजवाड़े,निवर्तमान मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया,मंडल महामंत्री शीतीकांत स्वाई, देवशरण सिंह,सुरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, रितेश जायसवाल, भागवत प्रजापति, श्यामू साहू, विवेक जायसवाल, अमरलाल साहू, कमलेश सोनी, विजय कुर्रे, शांतनु सिंह चौहान, कृष्ण पाल बिंझिया, बंटेश्वर , बुलचू राजवाड़े, सरपंच पति राजेंद्र कुमार, बीडीसी पति निकुंन सिरदार, मनियारो बाई व अन्य उपस्थित थे।

### हाथियों के प्रति बच्चों को जागरूक करने स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता



**अम्बिकापुर।** एलीफेंट रिजर्व प्रबंधन द्वारा विश्व हाथी दिवस के पूर्व शुक्रवार को मल्टीपरपज हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं होली क्रॉस कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता अभियान के तहत चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भागीदारी की। वन अधिकारियों ने आयोजन को बच्चों में चेतना जागृत करने के साथ वनों एवं वन्य प्राणियों के प्रति अच्छी सोच पैदा करना प्रतियोगिता का उद्देश्य बताया। इस दौरान बच्चों को वनों एवं वन्य प्राणियों के साथ रू-ब-रू कराने सरगुजा संभाग के राष्ट्रीय उद्यान एवं अभ्यारण्य क्षेत्रों का शैक्षणिक भ्रमण कराने का सुझाव दिया। बच्चे खुले वातावरण में स्वस्थ मानसिकता के साथ प्रकृति से जुड़कर अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में अमलेंदु मिश्र ने हाथियों के बारे में बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी। इस दौरान अधीक्षक विजय भूषण केरकेट्टा, रोशन कुमार तिवारी, रजनीश शुक्ल, विक्रम तिर्की, श्रीमती फिलोमिलना तिग्गा एवं बलराम मरावी उपस्थित थे।

## खिलाड़ी बहनों ने बास्केटबॉल पोल को राखी बांधकर मनाया रक्षा बंधन



**अंबिकापुर।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सरगुजा के बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने बास्केटबॉल पोल पर राखी बांध कर और एकता का अद्भुत संदेश दिया। खिलाड़ियों ने बास्केटबॉल के पोल को खेल के आस्था का प्रतीक मानकर उस पर राखी बांधी और खेल भावना के माध्यम से खेल के प्रति समर्पित भावना व आस्था प्रैम के रिश्तों की डोर को मजबूत करने का संकल्प लिया।

साथ ग्राउंड के पास लगे पेड़-पौधों को भी राखी बांधा, खेल के साथ प्रकृति के प्रेम का भावना प्रेरित करते हुए पेड़ों का भी रक्षा करने का संकल्प लिया। जिला बास्केटबॉल संघ के संचालक एवं राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस अनूठी पहल का मकसद युवाओं को खेलों के साथ-साथ भारतीय परंपराओं से भी जोड़ना है। खेल मैदान केवल प्रतियोगिता का स्थान नहीं, बल्कि भावनाओं, संस्कारों और एकता का भी केंद्र है और साथ ही पेड़-पौधों से प्रेम आस्था भी बने रहे प्रकृति से आत्मीय लगाव प्रेरित करना। प्रिया जायसवाल, खुशबू गुप्ता, स्नेहा जायसवाल, श्रेया उपाध्याय, माही, शबनम, विभा, इलिसिबा, अनामिका, सिमरन, सीमा, नैन्सी, रूद्राक्षी, अनन्या, अभिषेक, अखिल सिंह, अथर्व, शिखर, आयुश सहित अन्य मौजूद थे।



## अबीर गुलाल दुनिया भर में 29 अगस्त को होगी रिलीज

**मुंबई।** वाणी कपूर और पाकिस्तानी कलाकार की फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। यह फिल्म काफी पहले भारत में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कश्मीर के पहलगाम में हमले की वजह से इसकी रिलीज टल गई थी। यह फिल्म 9 मई 2025 को रिलीज होने वाली थी। यह फिल्म अब 29 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होगी। हाल ही में दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' को पूरी दुनिया में रिलीज किया गया है। हालांकि, यह फिल्म भारत में नहीं रिलीज हुई है। 'अबीर गुलाल' के मेकर्स भी इसी रणनीति को अपनाने की योजना बना रहे हैं।

लाइफ Style



# श्रुति


## जिंदगी की करना चाहती हैं नई शुरुआत

इन दिनों श्रुति हासन साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर चर्चा में हैं। इसी फिल्म की चर्चा के बीच श्रुति ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जिंदगी की नई शुरुआत करने की बात की है। इस पर यूजर्स ने एक्ट्रेस को कई तरह की सलाह दे डाली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं। लेकिन, फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो। इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं। श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है। इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है। लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है। यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी। आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं। इसलिए इंतजार ना करें। आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं।' '

हॉलीवुड मसाला



## टॉम-जेंडाया ने बिताया क्वालिटी टाइम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम हॉलैंड और अभिनेत्री जेंडाया इन दिनों सिर्फ फिल्मों में नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी में भी सुर्खियों में हैं। जहां एक ओर दोनों मार्वल की अगली फिल्म स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यू डे की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं दूसरी ओर वो लंदन में सुकून के पल बिताते भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने साथ में वक्त बिताया और इंडियन मील को एन्जॉय करते हुए नजर आए। लंदन के गेराड्र्स क्रॉस इलाके में हाल ही में दोनों को एक पार्क में देखा गया। टॉम उस दौरान अपनी फिल्म 'स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यू डे' का एक अहम सीन शूट कर रहे थे।



## छोटे कद का 30 साल का आदमी था स्टंट डबल

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता मैकाले कल्किन ने लंबे समय से चली आ रही उस अफवाह के बारे में बताया कि 'होम अलोन' में उनका स्टंट मैन बहुत छोटा था। 30 साल के लैरी निकोलस ने उनके स्टंट करते हुए बॉडी डबल का रोल किया था। मैकाले कल्किन ने कहा 'उसका नाम लैरी था और मैंने उसे पहली बार कपड़ों के अपार्टमेंट में देखा था। मैंने कपड़े बदले और बाहर निकला, तो वहां एक लड़का था लैरी, जिसने बिल्कुल मेरी तरह कपड़े पहने थे। मैंने उनसे कहा ओह लैरी कैसे हो? इस पर उसने जवाब दिया मैं अच्छा हूं। मैं लैरी हूं स्टंटमैन। उसने मेरी तरफ देखा और कहा तुम्हें क्या लगता है मेरी उम्र कितनी है? मैंने कहा- यह तो बहुत ही अजीब सवाल है। मैं नौ साल का था। तो मैंने सोचा वह 13 के होंगे'। मैं जब कहा कि क्या आपकी उम्र 13 है तो वह हंस पड़े।' एक बार शेल्फ के टूट जाने से लैरी गिर गए थे।



## मदरहुड जर्नी को एंज्वॉय कर रही हैं कियारा

**मुंबई।** कियारा आडवाणी का घर और जिंदगी इस वक्त खुशियों से भरी हुई है। 15 जुलाई को कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बेटी के माता-पिता बने। बेटी के जन्म पर कियारा और सिद्धार्थ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी, जिसमें लिखा था, 'हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमें बेटी हुई।' हाल ही में कियारा ने अपनी मदरहुड जर्नी को लेकर भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की है। कियारा आडवाणी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मैं तुम्हारे डायपर बदलती हूं, तुम मेरी दुनिया बदलो। यह एक फेयर ट्रेड है।' इस पोस्ट के जरिए कियारा अपनी मदरहुड जर्नी को फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। इस मदरहुड जर्नी में पति सिद्धार्थ मल्होत्रा भी कियारा का साथ दे रहे हैं। कियारा आडवाणी इन दिनों ब्रेक पर हैं, वह बेटी की परवरिश में समय दे रही हैं।



## तलाक की अफवाहों के बीच चिल मूड में दिखे

**मुंबई।** हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन और दोनों की बेटी आराध्या बच्चन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। उनकी एक झलक पाने के लिए वहां फैंस की भीड़ लग गई। बच्चन परिवार के तीनों सदस्य जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर निकले तो पैपराजी ने उनकी तस्वीरें और वीडियो ली। सभी ने यात्रा करने वाले बेहतरीन ड्रेस पहने थे। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने सामान खुद लेकर जा रहे थे। बाहर निकलने के बाद उनके सामान को उनके सुरक्षा गार्ड ने लिए। अभिषेक बच्चन ने एयरपोर्ट के स्टाफ से हाथ मिलाया और उनसे गर्मजोशी से मुलाकात की। ऐश्वर्या ने अपना बैग खुद संभाला। एयरपोर्ट पर आराध्या बच्चन का अंदाज देखने वाला था। उन्होंने पैपराजी को पोज दिए और उनका अभिवादन भी किया।

टीवी मसाला

## कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान हिना को किसी ने नहीं दिया काम

**नई दिल्ली।** हिना खान टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। साथ ही फिल्मों में भी लीड रोल कर चुकी हैं। पिछले साल उन्हें ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। इसी बीमार से वह डटकर लड़ी और इलाज के बाद ठीक हो गईं। कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान भी हिना खान एक्टिव रहीं, लेकिन किसी सीरियल या फिल्म में नजर नहीं आईं। जबकि वह तो काम करना चाहती थी। अब हिना खान ने बताया कि किसी ने उन्हें पिछले एक साल में कोई काम ऑफर नहीं किया है। हिना खान कहती हैं, 'बीमारी का पता लगने, इलाज हो जाने के बाद 'पति पत्नी और पंगा' मेरा पहला प्रोजेक्ट है। मैं काम करना चाहती हूं। किसी ने मुझसे सीधे तौर पर यह नहीं कहा कि तुम अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हो। लेकिन, मुझे लगता है कि शायद लोग काम देने से हिचकिचा रहे हैं। हो सकता है शो बनाने वाले ऐसा करें, मैं उनकी स्थिति भी समझती हूं। अगर मैं उनकी जगह होती, तो हजार बार सोचती।'हिना खान आगे कहती हैं, 'लेकिन मैं ऑडिशन के लिए तैयार हूं, मैं कहां रुकी थी? पिछले एक साल से मुझे किसी ने नहीं बुलाया। मैं हर चीज के लिए तैयार हूं, मुझे कॉल करें।' हाल ही में हिना खान अपने पति रॉकी जायसवाल के साथ शो 'पति पत्नी और पंगा' का हिस्सा बनी हैं। हिना और रॉकी के अलावा 'पति पत्नी और पंगा'में कई टीवी सेलिब्रिटी कपल भी शामिल हुए हैं।



## लाफ्टर शेफ के बाद पाकिस्तान ने भी बनाया कॉमेडी किचन शो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान लगभग हर चीज में भारत की कॉपी करने का पूरा ट्राई करता है। चाहे इंडियन प्रीमियर लीग की कॉपी पाकिस्तान प्रीमियर लीग हो या फिर टीवी शो ही क्यों ना हो. हाल ही में भारत के फेमस शो लाफ्टर शेफ के थीम को कॉपी करते हुए पाकिस्तान ने अपना कॉमेडी किचन शो बना लिया है। इसका प्रोमो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और यूजर्स भी कमेंट कर रहे हैं कि कहीं तो कॉपी करना छोड़ दो पाकिस्तान वालों। प्रोमो वीडियो को देखकर आप भी कहेंगे कि ये लाफ्टर शेफ की कॉपी की गई है। इसमें पाकिस्तानी सेलिब्रिटी यास्म गिल, अमर खान, मरियम खान, आरजू, मुस्तफा चौधरी और शेफ सादात नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में बताया गया है कि कश्मीर कॉमेडी किचन शो जल्द ही ग्रीन एंटरटेनमेंट पर टेलीकास्ट किया जाएगा। कलर्स का फेमस शो लाफ्टर शेफ के अब तक दो सीजन आ चुके हैं जिसमें पहले सीजन में अली गोनी और दूसरे सीजन में करण कुंद्रा विनर रहें।



## रिश्ते में संवेदनाएं एक जैसी होनी चाहिए : फातिमा

**मुंबई।** फातिमा सना शेख अपनी दो फिल्मों आप जैसा कोई और मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में रही हैं। फिल्म आप जैसा कोई में उन्होंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अपने से बड़े उम्र के व्यक्ति के साथ प्यार में पड़ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने कहा है कि किसी भी रिश्ते में उम्र कोई दिक्कत नहीं है। उम्र के मामले पर बोलते हुए फातिमा सना शेख ने कहा 'अगर रिश्ते में दोनों की भावनाएं मेल खाती हैं तो इससे फर्क नहीं पड़ता है कि कोई लड़का मुझसे 10 साल बड़ा है। भावनाओं का स्तर एक जैसा होना चाहिए। उम्र में फर्क वाली चीज तो सदियों से होती आ रही है।' फातिमा सना शेख ने 'रहना है तेरे दिल में' के अभिनेता आर माधवन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया 'मैं बहुत खुशकिस्मत हूं। मैं लोगों से बताती हूं कि मुझे एक ऐसा किरदार मिला जिसमें मैं उनके साथ रोमांस कर रही हूं। हालांकि फिल्म में बहुत सही तरीके से रोमांस कर रही थी क्योंकि यह अच्छी तरह लिखा गया था। हमारी केमिस्ट्री एकदम प्राकृतिक थी।' फातिमा सना शेख ने आर माधवन के बारे में आगे कहा 'वह एक काबिल अभिनेता हैं। वह अपने आप में एक निर्देशक भी हैं। जब भी मैंने फिल्म में कुछ न करने का कारण दिया, तो उन्होंने मेरा उत्साह बढ़ाया।' फिल्म में दोनों के अभिनय की सराहना की गई है।



## महावतार नरसिम्हा बनी 2025 की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म

**मुंबई।** डायरेक्टर अश्विन कुमार की फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' हर दिन एक नया इतिहास रच रही है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छप्पर फाड़ कमाई कर रही है। इस फिल्म ने कई बड़ी फिल्मों को कमाई के मामले में धूल चटा दी है। 'महावतार नरसिम्हा' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म का हिंदी वर्जन जमकर कलेक्शन कर रहा है। दर्शक फिल्म को काफी पसंद कर रहे हैं। ये फिल्म अपने बजट से कई गुना ज्यादा कमा चुकी है। 'महावतार नरसिम्हा' का बजट 15 करोड़ हुए हैं। ये एक एनिमेटेड फिल्म है, जो दर्शकों का दिल जीत रही है। इस फिल्म ने कई बिग बजट और बिग स्टार्स की फिल्में जैसे सैयारा और सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 से ज्यादा कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने 16वें दिन 19.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म का टोटल कलेक्शन 145.15 करोड़ रुपए हो गया है।



महावतार नरसिम्हा' का कलेक्शन- डे 1- 1.75 करोड़ रुपए, डे 2- 4.6 करोड़ रुपए, डे 3- 9.5 करोड़ रुपए, डे 4- 6 करोड़ रुपए, डे 5- 7.7 करोड़ रुपए, डे 6- 7.7 करोड़ रुपए, डे 7- 7.5 करोड़ रुपए, डे 8- 7.7 करोड़ रुपए, डे 9- 15.4 करोड़ रुपए, डे 10- 23.1 करोड़ रुपए, डे 11- 7.35 करोड़ रुपए, डे 12- 8.5 करोड़ रुपए, डे 13- 6 करोड़ रुपए, डे 14- 5.35 करोड़ रुपए, डे 15- 7.5 करोड़ रुपए, डे 16- 19.50 करोड़ रुपए। टोटल कलेक्शन- 145.15 करोड़ रुपए। 'महावतार नरसिम्हा' 2025 में बॉलीवुड की छठी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। फिलहाल, ये फिल्म विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 601.57 करोड़ रुपए, अहान पांडे-अनीत पड्डा अभिनीत 'सैयारा' 315.84 करोड़ रुपए, अक्षय कुमार की 'हाउसफुल 5' 183.38 करोड़ रुपए, अजय देवगन स्टारर 'रेड 2' 173.44 करोड़ रुपए और आमिर खान स्टारर 'सितारे ज़मीन पर' 167.4 करोड़ रुपए से पीछे है।

### अनिल विश्वास ने न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा

## जब नशे में धुत थे मुकेश, कॉलर से घसीटकर स्टूडियो ले गया था डायरेक्टर



***नई दिल्ली।*** *मुकेश माथुर बॉलीवुड के सबसे नामचीन म्यूजिक डायरेक्टर में से एक थे। नील नितिन मुकेश के दादा मुकेश ने हिंदी म्यूजिक इंडस्ट्री को अतुलनीय योगदान दिया है। मुकेश माथुर को म्यूजिक इंडस्ट्री में लाने का श्रेय उनके दूर के रिश्तेदार को जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी बदलने का श्रेय म्यूजिक कंपोजर अनिल विश्वास को जाता है। अनिल विश्वास ही थे जिन्होंने मुकेश को न सिर्फ गाने का मौका दिया, बल्कि एक जौहरी की तरह उनके हुनर को तराशा और निखारा। ये किस्सा 1940 का है जब मोतिलाल मुकेश को फिल्म 'आसरा'के गाने की रिकॉर्डिंग के लिए नेशनल स्टूडियो ले कर गए थे। नए-नए मुकेश में प्रतिभा की तो कोई कमी नहीं थी, लेकिन उनके नए-नए हुनर को दिशा की जरूरत थी। मुकेश को एक ऐसे गुरू की जरूरत थी जो न सिर्फ उन्हें दिशा दे सके, बल्कि उनके हुनर को भी तराश सके।*

### पहली बार उम्मीद पर खरा नहीं उतरे

अब जब मुकेश अनिल विश्वास के पास पहुंचे तो वो उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए। बार-बार कोशिश के बाद अनिल ने वा गाना खुद ही गा लिया, ऐसे में निराश होकर मुकेश ने कह दिया कि अगर दिग्गज म्यूजिक कंपोजर खुद ही गाते रहेंगे, तो उनके जैसे नए टैलेंट को मौका कैसे मिलेगा और उनकी ये बात अनिल विश्वास के दिल में घर कर गई। अनिल ने ठान लिया कि अपनी दूसरी फिल्म में वो सिंगर को मौका जरूर देंगे।

### रिकॉर्डिंग के दिन गायब हो गए थे

पहले मौके के 5 साल बाद जब अनिल एक बार फिर फिल्म बना रहे थे, तो उन्होंने फिल्म 'पहली नजर'के लिए मुकेश को अप्रोच किया। डेट तय थी, स्टूडियो बुक था और गाने की रिकॉर्डिंग के दिन सिंगर मौके पर पहुंचे ही नहीं। वो एक बार में बैठकर शराब पी रहे थे। वो पूरी तरह से शराब के नशे में धुत थे, लेकिन अनिल विश्वास को जैसे ही ये बात पता चली वो खुद ही बार पहुंच गए।

### कंपोजर ने मुकेश को रसीद दिया था थप्पड़

म्यूजिक डायरेक्टर बार में सबके बीच से मुकेश को कॉलर से घसीटते हुए बाहर लेकर आए औऱ उन्होंने सिंगर को एक झन्नाटेदार थप्पड़ रसीद दिया। उसके बाद उन्होंने मुकेश का सिर धुलाकर उन्हें स्ट्रॉन्ग काली कॉफी पिलाकर उनसे गाना रिकॉर्ड कराया और ये गाना ऐतिहासिक बन गया। मुकेश की आवाज में ये गीत हिंदी सिनेमा के बेहतरीन गानों में से एक है। अनिल के झापड़ से मुकेश की आंखें खुल गईं और उन्हें एहसास हुआ कि अगर उन्हें कुछ करना है, तो उन्हें खुद को शराब आदि से दूर रखना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प आज

**रायगढ़।** जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 12 अगस्त को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगा। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट कैम्प में कुल 73 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें मे.आदानी पावर लि छोटे भंडार पो. बड़े भंडार तहण्पुसीर में अप्रेन्टिस पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह मे.एनआईआईटी लिबी 498 जुनवानी रोड स्मृति नगर भिलाई में आईसीआईसीआई बैंक रिलेशनशिप मैनेजर एक्सेस बैंक असिस्टेंट मैनेजर एवं एचडीएफसी असिस्टेंट मैनेजर तथा मे शाही एक्सपोर्ट प्रालि सबीआई बैंक के पीछे छोटे अतरमुड़ा टीण्व्ही टावर रोड रायगढ़ में असिस्टेंट ट्रेनर एवं मोबीलाईज्र के पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ नियत तिथि एवं समय पर होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### बहनों ने विधायक को बांधी राखी

**सरसीवा।** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक कविता प्राण लहरे को प्रजापति ब्रह्मा कुमारी के बहनों के साथ-साथ क्षेत्र के बहनों ने राखी बांधकर यह आस्था प्रेम और विश्वास का पर्व मनाया। सुबह 7 बजे से ही क्षेत्र के विधायक निवास कोसम कुंडा में क्षेत्र के बहनों ने विधायक कविता एवं विधायक प्रतिनिधि को राखी बांधकर रक्षाबंधन का यह प्रेम आस्था और विश्वास का पर्व मनाया।

## पेज 1 का शेष

### प्रधानमंत्री सूर्यघर ...

स्थापित किये जाने हेतु केन्द्र एवं राज्य द्वारा अनुदान देय है। इनमें 01 केव्ही प्लाट स्थापित हेतु केन्द्रीय वित्तीय सहायता 30 हजार एवं राज्य विस्तीय सहायता 15 हजार कुल 45 हजार अनुदान देय होगा। इसी प्रकार 02 केव्ही प्लांट के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता 60 हजार एवं राज्य विस्तीय सहायता 30 हजार कुल 45 हजार और 03 केव्ही या उससे अधिक प्लांट हेतु केन्द्रीय वित्तीय सहायता 78 हजार एवं राज्य विस्तीय सहायता 30 हजार कुल 1 लाख 8 हजार अनुदान देय होगा। 03 कि.वा तक क्षमता के रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने हेतु 6 प्रतिशत के ब्याज दर पर 10 वर्षों के लिए बैंक द्वारा लोन की सुविधा है, जिसकी ईएमआई राशि समान्य मासिक बिल से भी कम है। समस्त अधिकारी-कर्मचारियों से 3 माह के भीतर अपने परिसरों में रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने अन्यथा पॉवर कंपनी द्वारा दी जा रही बिजली बिल में विशेष रियायत की सुविधा को स्थगित किये जाने पर विचार किया जाएगा। उक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने एवं अधिक जानकारी के लिए पी.एम.सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आनलाईन पोर्टल पर लॉग आन करने या अपने नजदीकी बिजली दफतर से संपर्क करने हेतु अपील किया गया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै चंद्रप्रकाश पैंकरा पिता गौतम साय पैंकरा, उम्र लगभग 27 वर्ष, जाति कवंर, पेशा शिक्षा, स्थायी निवास ग्राम-बोंखी, पोस्ट- पण्डरीपानी, तहसील फरसाबहार, जिला जशपुर (छ.ग.) व हाल मुकाम ग्राम कोतबा, तहसील- बागबहार, जिला- जशपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि :-
1.यह कि मेरा वास्तविक नाम चंद्रप्रकाश पैंकरा (CHANDRAPRAKASH PAINKRA) है जो मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं समस्त वैध दस्तावेजों मे दर्ज है। किन्तु मेरे नाम से जारी सत्र 2011-13 मे केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा जारी किये गये कक्षा 10 वीं के अंकसूची मे मेरा नाम त्रुटिवश चंद्र प्रकाश पैंकरा (CHANDRA PRAKASH PAINKRA) दर्ज कर दिया गया है। उक्त दोनो नाम मुझ शपथकर्ता का है किन्तु लेखनीय त्रुटि के कारण भिन्नता आ गई है।
2.यह कि मेरे पिता का वास्तविक नाम गौतम साय पैंकरा (GOUTAM SAI PAINKRA) है जो मेरे समस्त अंकसूची मे दर्ज किन्तु मेरे नाम से जारी सत्र 2015 मे केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा जारी किये गये कक्षा 12 वीं के अंकसूची मे मेरे पिता का नाम त्रुटिवश गौतम पैंकरा (GOUTAM PAINKRA ) दर्ज कर दिया गया है। तथा उक्त दोनो नाम मेरे पिता का नाम है किन्तु लेखनीय त्रुटि से भिन्नता आ गई है।
3. यह कि वर्तमान मे मै शपथकर्ता उक्त कक्षा 10 के अंकसूची मे मेरा दर्ज नाम चंद्र प्रकाश पैंकरा (CHANDRA PRAKASH PAINKRA) के स्थान पर मेरा वास्तविक नाम चंद्रप्रकाश पैंकरा (CHANDRAPRAKASH PAINKRA दर्ज कराना चाहता हूं। यह कि मेरे नाम से जारी उक्त कक्षा 12 वीं के अंकसूची मे मेरे पिता का दर्ज नाम गौतम पैंकरा (GOUTAM PAINKRA) के स्थान पर मेरे पिता का वास्तविक नाम गौतम साय पैकरा (GOUTAM SAI PAINKRA) दर्ज कराना चाहता हु। जिसके लिए मुझे यह शपथपत्र निष्पादित करने की आवश्यकता हुई है। यह कि आज दिनांक 05/08/2025 को शपथपत्र निष्पादित कर रहा हूं जो सही सत्य है इसमे किसी भी तथ्य को नही छिपाया गया है।

## शहर के व्यस्ततम मार्गों से गुजरती हैं गाड़ियां, कार्रवाई से मचा हड़कंप

# नींद से जागी पुलिस : मालवाहकों में यात्री परिवहन पर तीन चालकों का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मालवाहक वाहनों में लोगों को ठूंस-ठूंस कर सफर करने का प्रचलन आज भी जारी है। ये वाहन बकायदा शहर के व्यस्ततम मार्गों से गुजरती हैं। देर से ही सही, लेकिन ट्रैफिक पुलिस नींद से जाग गई है। ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में टीम द्वारा मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन करने वाले तीन चालकों का चालान काटा गया है, जिससे अन्य चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

शनिवार की देर शाम जूटमिल और यातायात पुलिस ने यातायात नियमों की खुली अवहेलना करने वाले तीन मालवाहक वाहनों पर कार्रवाई की है। अभियान के दौरान डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह ने एक मालवाहक पर खतरनाक तरीके से यात्री परिवहन होते देख मौके पर वाहन चालक का 5000 रुपए का ई-चालान काटा। इस तरह का परिवहन न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यात्रियों की जान को गंभीर खतरे में डालने वाला कृत्य है। वहीं जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत दो मालवाहक पिकअप में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और पुरुषों को खतरनाक तरीके से बैठाकर ले जाया जा रहा था। जूटमिल थाना प्रभारी ने तुरंत यातायात डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह को सूचना दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए यातायात डीएसपी ने मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत वाहन चालक के खिलाफ 5000-5000 रुपए का ई-चालान जारी किया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मालवाहक वाहनों में सवारियों को ढोने की लापरवाही पर आगे भी इसी तरह कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।



**कार्यक्रमों में होता है मालवाहक वाहनों का ज्यादा उपयोग**

ग्रामीण क्षेत्रों में शादी, दशकर्म, छट्ठी, रैली, मंदिर दर्शन जैसे कार्यक्रमों के लिए ज्यादातर मालवाहकों का ही उपयोग किया जाता है। क्योंकि उन्हें कार और बसों की बुकिंग महंगी पड़ती है। निम्न व मध्यम परिवार के लोग बुकिंग नहीं करा पाते, इसलिए मजबूरन उन्हें मालवाहक वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन इससे लोगों की जान पर भी खतरा बना रहता है। मालवाहक वाहनों में कई बार तो भीड़ इतनी ज्यादा हो जाती है कि लोग ऐसे वाहनों में लटक कर सफर करते हैं।

**सिर्फ माल परिवहन की है छूट पर ढोते हैं सवारी**

मालवाहक वाहनों में सिर्फ विभिन्न निर्माण सामग्री को ढोने की छूट दी जाती है, लेकिन इन वाहनों का उपयोग यात्री बस या कार की तरह किया जाता है। जिससे कभी भी कोई बड़ी अनहोनी घटना घटित हो सकती है। पूर्व में भी जिले में मालवाहक वाहनों में बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है।

# टाटा सूमो में आए अज्ञात आरोपी चुरा ले गए तीन गाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटा सुमो गाड़ी में सवार अज्ञात आरोपियों ने तीन जर्सी गाय की चोरी कर ली। यह पूरा माजरा गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो हो गया। पीड़ीता ने उक्त मामले की शिकायत थाने में की है।

जानकारी के अनुसार कापू निवासी जगदीश कुर्रे ने घर के बाहर खूंटे से अपनी जर्सी गाय को बांधकर रखा था। सुबह गाय नहीं दिखने पर वह आसपास पतासाजी कर रहा था। इस दौरान गांव के ही पवन कुर्रे और गणेश मोरी ने भी उसे बताया कि उनकी भी जर्सी गाय की चोरी हो गई है। एक रात में गांव से तीन जर्सी गाय की चोरी हो जाने के बाद उन्होंने जब सतगुरू होटल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो पाया कि रात 1 बजकर 56 मिनट में एक सफेद रंग की टाटा सुमो पहुंचती है, जिसमें से तीन लोग उतरकर गाय को गाड़ी में डालकर बंधनपुर धरमजयगढ़ की तरफ भागते नजर आये हैं। जिसके बाद उन्होंने पूरे मामले की शिकायत कापू थाने में की है।

**लगातार सामने आ रही है चोरी की घटनाएं**

गांव के ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी गांव में छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। साथ ही साथ पिछले दिनों एक भैंस की भी चोरी गांव से हो चुकी है। इस बार तीन गायों की चोरी से क्षेत्रवासी आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार वो चौक-चौराहों में पुलिस गश्त की मांग कर चुके हैं। ताकि गांव में हो रही अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## जिला भाजपा की कार्यकारिणी का किया गया गठन

**उपाध्यक्ष, महामंत्री सहित कोषाध्यक्ष के पद पर हुई नियुक्ति**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने रायगढ़ जिले के नए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव प्रदेश महामंत्री पवन साय और जिलाध्यक्ष अरूणधर दीवान के अनुमोदन के बाद घोषित इस सूची में जिले के विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गई है। घोषणा के साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गई। वहीं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई गई।

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा रायगढ़ जिले के नए जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री पवन साय तथा रायगढ़ जिलाध्यक्ष अरूणधर दीवान के अनुमोदन उपरांत की गई है। घोषणा सूची के अनुसार जिला संगठन में अरूणधर दीवान को जिलाध्यक्ष, अरूण कातोरे उपाध्यक्ष, विलिस गुप्ता उपाध्यक्ष, नरेश पंडा उपाध्यक्ष, नीलम रंजू संजय उपाध्यक्ष, विनायक पटनायक उपाध्यक्ष, गोकुल यादव उपाध्यक्ष, विकास केड़िया महामंत्री, जतिन कुमार साव महामंत्री, पवन शर्मा मंत्री, पवन अग्रवाल मंत्री, स्नेहलता सिदार मंत्री, रीना भगत मंत्री, गायत्री केशरवानी मंत्री, कमला राठिया मंत्री, सनत नायक कोषाध्यक्ष, चंद्रप्रकाश बब्बल पांडेय, प्रवक्ता व दिबेश सोलंकी को कार्यालय मंत्री बनाया गया है।




### श्रावणीय रूद्राभिषेक में युवाओं की रही सहभागिता

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के बड़े तालाब स्थित महादेव मंदिर में बीते कुछ वर्षो से श्रावण माह के माहभर रूद्राभिशेक का आयोजन होता हुआ आ रहा है, जिसमें पुसौर ही नहीं आसपास के ग्राम के श्रद्धालु जन भी इसमें सहभागी होते हैं और अपनी पूजा अर्चना करते हैं। जानकारी के मुताबिक यह रूद्राभिषेक प्रतिदिन सुबह 7 बजे तक होता है और अंतिम दिन शनिवार की इसकी पुर्णाहुति लगभग 10 बजे हुई, जिसमें पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। वहीं नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, अपने युवा साथी नागेश राज पटेल, भोगेश राज पटेल, मोक्षराज पटेल, संजय महाणा, अभिशेक साव, राकेश यादव, उमांकांत साव, ओम कसेर, आयुश अग्रवाल, प्रणव साव, अमन गुप्ता, किशोर गुप्ता, शोभनाथ प्रधान, राजेश साव, प्रीयांशु महाणा, प्रिस महाणा आदि लोगों के साथ रूद्रभिषेक कार्यक्रम में यथासंभव हाथ बटाया और अपनी श्रद्धाभाव को अवगत कराया।

## विधायक कविता ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी



**सरसीवा।** रक्षा बंधन के पावन अवसर पर बिलाईगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे ने अपने मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सरोकार का अद्भुत उदाहरण पेश किया। उन्होंने सरसीवा, भटगांव और बिलाईगढ़ थानों में पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी और एक बहन का फर्ज निभाया।

इस पहल की खासियत यह रही कि विधायक ने उन पुलिसकर्मियों को याद किया, जो त्योहारों पर भी अपने परिवार से दूर रहकर जनता की सेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने राखी बांधकर न केवल उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि समाज के हर रक्षक को हमारा स्नेह और सहयोग मिलना चाहिए। राखी बांधने के बाद विधायक लहरे ने पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की सराहना की। साथ ही, उन्होंने क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि समाज को इस बुराई से मुक्ति मिल सके। विधायक कविता प्राण लहरे का यह कदम पुलिस प्रशासन और जनता के बीच भरोसे और भाईचारे को मजबूत करने वाला साबित हुआ है। उन्होंने दिखाया कि एक जनप्रतिनिधि केवल नीतियां और योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में भी अग्रणी हो सकता है।

## ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में सुनयना ने सभी की कलाई पर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सरिया में शनिवार को रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था के स्थानीय प्रभारी सुनयना बहन ने सभी उपस्थित भाई बहनों को राखी बांधी। तथा रक्षाबंधन का आध्यात्मिक महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन परमात्मा के साथ हमारे पवित्र बंधन का प्रतीक है।

इस बंधन से जीवन में पवित्रता आती है। उन्होंने बताया कि सभी आत्माएं परमात्मा की छत्रछाया में आकर सुरक्षित हो जाती है। हमारे वास्तविक रक्षक और संरक्षक परम शक्तिमान परमात्मा ही है। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर भौतिक वस्तुओं का उपहार देना प्रतीकात्मक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बहनों की रक्षा करने का संकल्प लेना ही भाइयों का बहनों के प्रति सच्चा गिफ्ट है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था में आकर मैं भी राखी बंधवाया।

उन्होंने कहा कि यहां के प्रभारी सुनयना बहन ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला। कमलेश ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व इस संसार में पवित्रता और मर्यादाओं के बंधन में बनने के लिए ईश्वरीय उपहार है। इससे मानवीय संबंधों की गरिमा स्थापित होती है। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नगर पंचायत सरिया के वरिष्ठ पार्षद मोती स्वर्णकार पार्षद रूप डनसेना, पार्षद राजू प्रधान, पार्षद आशुतोष स्वर्णकार, पार्षद तीर्थ सिदार, थाना प्रभारी प्रमोद यादव, वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सोनी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्र के भाई बहनों ने राखी बंधवाए।

## बुनगा में नशा मुक्ति व स्वछता अभियान का आयोजन




**रायगढ़।** बुनगा के स्कूल पारा में छात्र-छात्राओं को लेकर नशा मुक्ति एवं स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें लोगों को नशा एवं स्वच्छता के बारे में जागरुक किया गया। नशा पान एक सामाजिक बुराई है इसे दूर करना अति आवश्यक है। आजकल दिनों दिन लोगों में नशा पान की प्रवृत्ति बढ़ते जा रही है, जोकि समाज के लिए गहरी चिंता का विषय है घर में कलह का एक कारण नशा ही है। हर व्यक्ति को स्वच्छता एवं नशापान के प्रति जागरूक होना परम आवश्यक है स्वच्छता एवं नशामुक्ति दोनों ही स्वास्थ्य के नजरिए से अति महत्वपूर्ण है, जिससे कि अपने घर परिवार एवं स्वस्थ्य समाज का निर्माण किया जा सके। उक्त रैली का आयोजन डॉ अजय नायक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में सरपंच बेद प्रकाश साव, भोज मालाकार फार्मासिस्ट, सुरेश सोनी शिक्षक, दुलामणी रजक योग प्रशिक्षक पंच एवं गणमान्य नागरिक सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## एसडीएम से पत्रकारों ने नगर की समस्याओं पर रखी बात



**घरघोड़ा।** हाल ही में पदभार संभालने वाले अनुविभागीय अधिकारी दुर्गा प्रसाद अधिकारी से बबलू मोटवानी, रूपेंद्र गोयल, वरिष्ठ पत्रकार संदीप सिंह, अम्बिका सोनवानी और भुवन जयसवाल ने सौजन्य मुलाकात की। यह पहली औपचारिक मुलाकात नगरहित के मुद्दों को लेकर बेहद सार्थक साबित हुई। पत्रकारों ने एसडीएम को अवगत कराया कि नगर के प्रमुख विद्यालय शिशु मंदिर, प्रज्ञा विद्यालय पीठ, प्राथमिक शाला और आत्मानंद विद्यालय के बाहर विद्यालय समय में बाहरी युवकों द्वारा तेज रफ्तार से बाइक दौड़ाना बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। इस पर तत्काल बैरिकेटिंग कर स्पीड कंट्रोल लगाने की मांग रखी गई। एसडीएम दुर्गा प्रसाद ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए तुरंत फाइल में दर्ज कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि सुरक्षा व शिक्षा से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाएगा। नगरवासियों ने पत्रकारों की इस पहल और नए एसडीएम की तत्परता का स्वागत किया।

## थाना कापू, चौकी जोबी में कोटवारों की बैठक

### मेधावी छात्राओं, शिक्षकों और कोटवार को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार को थाना कापू व पुलिस चौकी जोबी में कोटवार मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें कोटवारों को उनके दायित्वों का उचित निवर्हन के संबंध में निर्देश दिया गया। चौकी जोबी में कोटवार मीटिंग के साथ ही एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर चौकी प्रभारी, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर ने क्षेत्र के मेधावी छात्राओं, शिक्षकों और कोटवार को उनके प्रेरणादायक कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर चौकी प्रभारी ने कहा कि शिक्षा, सामाजिक सेवा और कानून-व्यवस्था में सहयोग करने वाले लोग समाज के लिए प्रेरणा हैं और पुलिस ऐसे व्यक्तियों का उत्साहवर्धन करती है। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरकानारा की कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी ममता साहू तथा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नगोई की कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी सोनिया पटेल को परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्राथमिक शाला टांडापारा के शिक्षक परमानंद उर्फ बबूलाल राठिया और प्राथमिक शाला गोरपार के शिक्षक जयसिंह राठिया को भी सम्मान प्रदान किया गया। ग्राम सुरक्षा और सूचना संप्रेषण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए ग्राम कोटवार छोटे पंडरमुडा के मंगलदास महंत को प्रशस्ति पत्र देकर सराहा गया।

**यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक**

चौकी प्रभारी ने उपस्थित सभी को साइबर सुरक्षाए यातायात नियमों और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक रहने तथा अपने क्षेत्र में लोगों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। इससे पहलेए 9 अगस्त को थाना लैलूंगा में आयोजित ग्राम कोटवारों की बैठक में उन्हें नियमित रूप से थाना में उपस्थित होने तथा गांव में होने वाली घटनाओं और दुर्घटनाओं की त्वरित सूचना देने के निर्देश दिए गए थे।

## विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष हुए शामिल

**कटेली।** जिले में विश्व आदिवासी दिवस बड़े ही उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर पाण्डेय का पीली पगड़ी, बैज, माला और पुष्पगुच्छ से भव्य स्वागत किया गया। पाण्डेय ने विधिवत पूजन अर्चन किया और कार्यक्रम की सफलता तथा समाज की खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य रैली से हुई, जिसमें ढोल नगाड़ों की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा और आदिवासी संस्कृति की झलक ने माहौल को जीवंत कर दिया। रैली में बड़ी संख्या में आदिवासी भाई बहनों ने भाग लिया और अपनी संस्कृति एवं परंपराओं का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अवसर संजय भूषण पांडे जिला पंचायत अध्यक्ष जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, उत्तरी जांगड़े विधायक सारंगढ़, विनोद भारद्वाज सदस्य जिला पंचायत सारंगढ़, पर बीएस राउते, नागेश, अकबर राम कोर्राम, रामनाथ सिदार, नरोत्तम सिदार, नंदिता सिंह, सुभाष गोड, प्रशांत मांझी, विश्वनाथ, गोपाल बरीहा, मोहन सिंह, पद्मलोचन सिदार, दिलीप नेताम, रोहित निराला, रवि यादव एवं अन्य आदिवासी समाज के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित रहे।

